आरोप | जनपद सदस्य रोशनी सिंह ने जताया विरोध

# जनता के पैसे पर राजनीतिक प्रचार बंद होना चाहिए

**मानपुर नवभारत 3 अगस्त।** विधानसभा क्षेत्र में ग्राम पंचायतों की शासकीय राशि का उपयोग विकास कार्यों के बजाय राजनीतिक प्रचार और दिखावे पर किया जा रहा है। मैं, रोशनी सिंह, जनपद सदस्य मानपुर इसका कड़ा विरोध करती हूं।

मेरा आरोप है कि क्षेत्रीय विधायक मीना सिंह द्वारा मानपुर एवं पाली जनपद पंचायत क्षेत्र के सरपंचों और सचिवों पर ग्राम पंचायतों के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन अपने माध्यम से कराने का दबाव बनाया जाता है। जबकि इन निर्माण कार्यों के लिए राशि ग्राम पंचायत की होती है, विधायक निधि की नहीं। इसके बावजूद पंचायतों को टेंट, साउंड, नाश्ता, स्वागत और अन्य व्यवस्थाओं पर हजारों रुपये खर्च करने पड़ते हैं।

### रोड भूमिपूजन में 43 हजार रुपये खर्च किए गए

सोशल मीडिया पर जनपद पंचायत मानपुर के ग्राम पंचायत परासी के सीसी रोड भूमिपूजन कार्यक्रम में लगभग 43 हजार खर्च किए जाने का विवरण सामने आया है। यदि यह जानकारी सही है, तो यह बेहद गंभीर विषय है। जनता जानना चाहती है कि जब निर्माण कार्य ग्राम पंचायत की राशि से हो रहा है और विधायक ने अपने किसी मद से एक रुपये का योगदान नहीं दिया, तो फिर शासकीय धन से स्वागत-सत्कार और दिखावटी कार्यक्रमों पर खर्च क्यों कराया जा रहा है?

**गांवों की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गईं**

आज गांवों की सड़कें गड्ढों में तब्दील हैं, नालियां अधूरी हैं, पेयजल की समस्या बनी हुई है, आंगनवाड़ी भवन जर्जर हैं और ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं। ऐसे समय में शासकीय राशि का उपयोग जनता की समस्याओं के समाधान के बजाय राजनीतिक कार्यक्रमों पर करना जनहित के साथ अन्याय है।

### निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए

मैं जिला प्रशासन से मांग करती हूं कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, भूमि पूजन कार्यक्रमों में हुए खर्च की वित्तीय जांच कराई जाए और यदि शासकीय राशि का दुरुपयोग पाया जाता है तो दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। जनता के टैक्स का पैसा जनता के विकास पर खर्च होना चाहिए, किसी के राजनीतिक प्रचार पर नहीं।

# मकड़जाल की तरह फैले झोलाछाप डॉक्टर

मरीजों की जान से कर रहे खिलवाड़

**मानपुर नवभारत 3 अगस्त।** उमरिया जिले के जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत ग्राम देवरी में संदीप साना नमक व्यक्ति बिना डिग्री एवं बिना लाइसेंस के दवा करने में माहिर हैं, जबकि इनके पास न तो कोई डिग्री है और न ही कोई लाइसेंस। गाइडलाइन के अनुसार बिना डिग्री एवं बिना बिना डिप्लोमा के दवा करना गैरकानूनी है।

विशेष सूत्रों द्वारा बताया कि ग्राम देवरी में संदीप साना सुई ही नहीं दवा भी देते हैं और बोतल भी चढ़ाते हैं, जबकि बिना डिग्री और बिना डिप्लोमा के दबा करना गैर कानूनी है, लेकिन संदीप सोना सभी नियमों को तोड़ते हुए बिना किसी डर ब भय के दबाओ का भंडारण कर मरीजो को देते हैं। कलेक्टर राखी सहाय एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी इस मामले को संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्यवाही की मांग की गई है। जब इस संबंध में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी एनपी जैसल को फोन पर संपर्क कर जानकारी लेने की कोशिश की गई तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

# सहकारी समिति के कर्मचारियों ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**चिल्हारी नवभारत।** जिले के सैकड़ों कर्मचारियों ने जिला अध्यक्ष मनजीत चतुर्वेदी सहकारिता समिति उमरिया के तत्वावधान में सोमवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि बर्ष 2024-2025-एव 2025-2026 में धान उपार्जन एवं गेहूं उपार्जन का कार्य किया गया था, जिसकी कमिशन की राशि आज दिनांक तक संस्थाओं को नहीं दी गई।

इसके चलते कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं हो रहा है। समितियों में कार्यरत कनिष्ठ विक्रेताओं का संविलियन आज दिनांक तक नहीं हो पाया। समिति के कर्मचारियों ने शासन प्रशासन को आगाह किया कि समय रहते भुगतान नहीं किया गया अथवा हमारी मांगों पूरी नहीं की गई तो आगामी 10 अगस्त से पीडीएस का कार्य बंन्द कर दिया जाएगा।

# श्रद्धा और भक्ति से मनाया सावन का प्रथम सोमवार

नर्मदांचल विद्यापीठ, बरगांव में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया

**शहपुरा नवभारत 3 अगस्त।** नर्मदांचल विद्यापीठ, बरगांव में सावन के प्रथम सोमवार के पावन अवसर पर श्रद्धा एवं उत्साह के साथ विशेष धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कक्षा 4 के विद्यार्थियों ने कांवड़ में पवित्र जल लाकर भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक किया। प्रथम सावन सोमवार 3 अगस्त 2026, सोमवार को मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भगवान शिव की वेशभूषा में सुसज्जित एक छात्रा रही, जिसने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सभी का ध्यान आकर्षित किया। छात्रा का आकर्षक एवं दिव्य स्वरूप उपस्थित सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना।

### सावन सोमवार के महत्व से विद्यार्थियों को अवगत कराया

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को सावन सोमवार के धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व से अवगत कराया। बच्चों को बताया गया कि सावन मास भगवान शिव को समर्पित होता है तथा इस पावन महीने में भगवान शिव की आराधना, जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना करने से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। साथ ही बच्चों को भारतीय संस्कृति, आस्था एवं धार्मिक परंपराओं का महत्व भी समझाया गया।

### विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था एवं नैतिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना था। विद्यालय परिसर पूरे समय 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा।

# शिव मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

पहले सावन सोमवार पर भक्तों ने किया जलाभिषेक

**चिल्हारी नवभारत 3 अगस्त।** सावन मास के पावन सोमवार के अवसर पर हनुमान मंदिर चिल्हारी स्थित भगवान शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक एवं बेलपत्र अर्पित कर सुख, शांति, समृद्धि और परिवार के मंगल की कामना की।

मंदिर परिसर में दिनभर 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से वातावरण शिवमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### भक्तों के कष्टों का होता हैं निवारण

श्रावण मास का सोमवार भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष रूप से शुभ माना जाता है, इसलिए इस दिन शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन एवं पूजन के लिए पहुंचते हैं। मन्दिर के प्रधान पुजारी ने बताया कि इस मन्दिर की बिशेषता है कि कलयुग के राजा हनुमान महाराज अपने सभी भक्तों के कष्टों को नष्ट कर हर मनोकामना पूरी करते हैं।

# आईजी बंगले के सामने बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट

महिलाओं व राहगीरों की सुरक्षा पर मंडरा रहा खतरा

**नवभारत, शहडोल।** नगर पालिका की लापरवाही का एक और गंभीर उदाहरण नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 15 में देखने को मिल रहा है, जहां टेक्निकल स्कूल के बगल से आईजी बंगले की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग पिछले एक माह से अधिक समय से पूरी तरह अंधेरे में डूबा हुआ है।

यह मार्ग शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक माना जाता है, जहां से प्रतिदिन पुलिस लाइन, पटेल नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के हजारों लोग आवागमन करते हैं। इसके बावजूद नगर पालिका द्वारा स्ट्रीट लाइट व्यवस्था दुरुस्त करने की दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

**एक माह से अंधेरे में डूबा मार्ग**

रात्रि होते ही यह पूरा मार्ग घुप्प अंधेरे में बदल जाता है। अस्पतालों, निजी संस्थानों और अन्य कार्यालयों में देर रात तक कार्य करने वाले कर्मचारी, विशेषकर महिलाएं, भय के साये में इस रास्ते से गुजरने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंधेरे के कारण हर समय किसी अप्रिय घटना, लूटपाट, छेड़छाड़ अथवा सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

# शराब कारोबारी के ठिकाने पर पुलिस की दबिश

**नवभारत शहडोल।** जिले में शराब कारोबार को लेकर एक बार फिर हलचल मच गई है। शहपुरा (डिंडोरी) एवं सोहागपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने शहडोल स्थित शराब ठेकेदार के कार्यालय में दबिश देकर छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कार्यालय में मौजूद दस्तावेजों की जांच की तथा कुछ कर्मचारियों को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई शराब तस्करी से जुड़े एक मामले की जांच के सिलसिले में की गई है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया।

सूत्रों के अनुसार पुलिस टीम ने कार्यालय में काफी देर तक जांच-पड़ताल की और कई महत्वपूर्ण जानकारियां जुटाईं। हालांकि पुलिस की ओर से अभी तक कार्रवाई के संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है, लेकिन माना जा रहा है कि जांच के आधार पर आगे और भी कार्रवाई हो सकती है।

# मकान पर कब्जे को लेकर बढ़ा विवाद

खरीदार की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की

**उमरिया नवभारत 3 अगस्त।** शहर के मीट मार्केट स्थित एक मकान को लेकर पिछले एक माह से चल रहा विवाद अब पुलिस तक पहुंच गया है। मामले में कोतवाली पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मामला शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

शिकायतकर्ता अधिवक्ता आशुतोष गुप्ता,निवासी वार्ड क्रमांक-10 खलेसर, का आरोप है कि उन्होंने 3 जुलाई को मीट मार्केट स्थित एक मकान को नोटराइज्ड विक्रय पत्र के माध्यम से 12 लाख रुपये में खरीदा था।6 जुलाई को मकान का कब्जा लेकर चैनल गेट सहित सभी दरवाजों पर ताले लगा दिए गए थे। फरियादी के अनुसार 15 जुलाई की सुबह जब वह मकान पहुंचा तो चैनल गेट अंदर से बंद मिला,जबकि बाहर लोहे की पट्टियां वेल्डिंग कर दी गई थीं।जब उन्होंने पड़ोसी सौरभ तिवारी से इस संबंध में जानकारी चाही तो विवाद की स्थिति बन गई।

**दीवार तोड़कर भीतर प्रवेश किया**

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सौरभ तिवारी ने गाली-गलौज करते हुए मकान पर अपना अधिकार जताया। आशुतोष गुप्ता का दावा है कि उनके खरीदे गए मकान के बीच वाले कमरे की दीवार तोड़कर भीतर प्रवेश किया गया और जबरन कब्जा कर लिया गया। इस दौरान दीवार समेत अन्य सामान को नुकसान पहुंचा,जिससे लगभग 15 हजार रुपये की क्षति हुई है। शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## चिपाढ़नाथ धाम में मूलभूत सुविधाओं का आभाव

**नवभारत, ब्यौहारी।** तहसील ब्यौहारी अंतर्गत ग्राम मऊ में स्थित भगवान बजरंगबली का प्राचीन मंदिर, जिसे पूरा क्षेत्र चिपाढ़नाथ धाम लाखों श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केंद्र बना हुआ है। प्रत्येक मंगलवार, शनिवार और विशेष पर्वों पर यहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। लेकिन यहां मूलभूत सुविधाओं के आभाव के कारण श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है। श्रद्धालुओं का कहना है कि वर्षों से चिपाढ़नाथ धाम की प्रसिद्धि लगातार बढ़ रही है, लेकिन इसके अनुरूप सुविधाओं और सुनियोजित विकास पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया।

# 45 नवीन प्राथमिक व माध्यमिक शाला भवनों को प्रशासन ने दी स्वीकृति

**डिंडोरी, नवभारत 3 अगस्त।** जिले में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में वार्षिक कार्ययोजना वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जिले की 171 जर्जर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भवनों के प्रस्ताव राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल को भेजे गए थे।

जिला परियोजना समन्वयक अमित गौलिया ने बताया कि राज्य स्तर से प्राप्त स्वीकृति के अनुसार जिले के लिए कुल 45 नवीन शाला भवनों का अनुमोदन किया गया है। इनमें 25 नवीन प्राथमिक विद्यालय भवन तथा 20 नवीन माध्यमिक विद्यालय भवन शामिल हैं।

### शाला भवनों का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा

स्वीकृत शाला भवनों का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। इन भवनों के निर्माण से विद्यार्थियों को सुरक्षित, सुविधायुक्त एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण उपलब्ध होगा तथा जिले की शैक्षणिक अधोसंरचना को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा।जिला प्रशासन ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार शासन की प्राथमिकता है।

अनदेखी | महीनों से खुली नाली से उठ रही दुर्गंध, मच्छरों का बढ़ा आतंक

# कमिश्नर निवास मार्ग पर बदहाली का साम्राज्य

**नवभारत, शहडोल।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के दावे करने वाली नगरपालिका शहडोल की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जिला जेल के सामने चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य के दौरान जेल तिराहे के पास खोदी गई नाली महीनों से अधूरी पड़ी हुई है।

कमिश्नर निवास को जाने वाले इस महत्वपूर्ण मार्ग पर खुली नाली अब गंदगी, दुर्गंध और मच्छरों का स्थायी ठिकाना बन गई है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं।

### महीनों से जमा है गंदा पानी

फोटो में साफ दिखाई दे रहा है कि नाली में गंदा और बदबूदार पानी जमा है। आसपास निर्माण सामग्री और मिट्टी के ढेर पड़े हैं, जिससे न केवल राहगीरों को परेशानी हो रही है बल्कि स्थानीय दुकानदारों और आसपास से गुजरने वाले लोगों का भी जीना मुश्किल हो गया है। बरसात के मौसम में यह स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है। जमा पानी में मच्छरों की भरमार है, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

### दावों की खुली पोल

शहर में एक ओर स्वच्छता अभियान और सुंदर शहडोल के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर नगरपालिका की यही लापरवाही उन दावों की पोल खोल रही है। नागरिकों ने मांग की है कि अधूरा पड़ा नाला निर्माण तत्काल पूरा कराया जाए, जमा गंदे पानी की निकासी कराई जाए तथा पूरे क्षेत्र में नियमित सफाई और फॉगिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को दुर्गंध, मच्छरों और संभावित बीमारियों से राहत मिल सके।

**अधूरा निर्माण कार्य बना परेशानी**

विडंबना यह है कि जिस मार्ग से प्रतिदिन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और आम नागरिक गुजरते हैं, वहीं नगरपालिका की लापरवाही खुलेआम दिखाई दे रही है। करोड़ों रुपये के विकास और सौंदर्यीकरण कार्यों के दावों के बीच महीनों तक अधूरा पड़ा निर्माण यह दर्शाता है कि कार्य की गुणवत्ता और समय-सीमा को लेकर संबंधित एजेंसी और नगरपालिका कितनी गंभीर है।

# हनुमान पहाड़ी मंदिर में लगाई गई लाईट

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दिनेश गुप्ता की पहल

**चिल्हारी नवभारत 3 अगस्त।** धार्मिक आस्था और जनसेवा का एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए हनुमान के अनन्य उपासक एवं समाजसेवी दिनेश गुप्ता ने प्राचीन हनुमान पहाड़ी मंदिर, चिल्हारी में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है।

दिनेश गुप्ता द्वारा मंदिर परिसर में विद्युत लाइट फिटिंग, 4 सीलिंग फैन तथा एक इन्वर्टर की व्यवस्था कराई गई है। इससे मंदिर में पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, धार्मिक आयोजनों एवं विशेष अवसरों पर आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से बिजली बाधित होने की स्थिति में भी इन्वर्टर के माध्यम से मंदिर में प्रकाश एवं आवश्यक विद्युत व्यवस्था बनी रहेगी।

### श्रद्धालु कर रहे प्रशंसा

स्थानीय श्रद्धालुओं एवं मंदिर समिति ने भाई दिनेश गुप्ता के इस सेवा कार्य की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों पर इस प्रकार का सहयोग समाज के लिए प्रेरणादायी है। ऐसे कार्य न केवल श्रद्धालुओं की सुविधा बढ़ाते हैं, बल्कि सेवा, समर्पण और सनातन संस्कृति के प्रति समाज में सकारात्मक संदेश भी देते हैं।